Harvard University
Urdu 102: Intermediate Urdu-Hindi

शोले

Part 6

जेलर जो फ़िल्म के शुरू में ठाकुर साहब से बात कर रहा था किसी और जेलर से बात करता है। यह उस जेल का जेलर है जहाँ जय और वीरू बन्द हैं।

जेलर -	मुझे इन्हीं दोनों की तलाश थी। कब तक इन दोनों की सज़ा ख़त्म हो जाएगी?
दूसरा जेलर -	हम्म, अगले महीने की अट्ठारह तारीख़ को।

****

जय और वीरू सज़ा काटकर जेल से निकल रहे हैं।

वीरू -	संतरी साहब, एक बीड़ी पिलाइये। (दोनों देखते हैं कि ठाकुर बलदेव सिंह थोड़ी दूरी पर खड़ा है।) क्यों इंस्पेक्टर साहब। आज किसे जेल छोड़ने आये हैं?
ठाकुर बलदेव सिंह -	अब मैं इंस्पेक्टर नहीं, सिर्फ़ ठाकुर बलदेव सिंह हूँ।
जय -	क्यों? ख़तरों से खेलने का शौक़ छूट गया ठाकुर साहब?
ठाकुर बलदेव सिंह -	अपनी बहादुरी पर अगर इतना ही घमंड है, तो एक काम करोगे मेरे लिये?
वीरू -	हम काम सिर्फ़ पैसों के लिये करते हैं।
ठाकुर बलदेव सिंह -	कितने चाहिये?
जय -	काम क्या है?
ठाकुर बलदेव सिंह -	बहादुर हो तो इस की फ़िक्र क्यों करते हो? क़ीमत, जो तुम चाहो। काम, जो मैं चाहूँ।

****

तीनों एक कोठरी में बैठे दिखाई देते हैं।

वीरू - गब्बर सिंह? वह मशहूर डाकू?

ठाकुर बलदेव सिंह - हाँ, वही।

वीरू - सुना है उस पर तो पुलिस ने कुछ इनाम भी रखा है।

ठाकुर बलदेव सिंह -पचास हज़ार। ज़िंदा या मुरदा। तुम्हें उस डाकू को मेरे लिये पकड़ना है। ज़िंदा।

वीरू - गब्बर सिंह को पकड़ना है, वह भी ज़िंदा। ठाकुर साहब, गब्बर सिंह कोई बकरी का बच्चा है जो दौड़े और पकड़ लिया?

ठाकुर बलदेव सिंह - जानता हूँ, काम मुश्किल है। लेकिन आसान कामों के इतने पैसे नहीं दिये जाते।

वीरू - चलिये, माना हमने अपनी जान पर खेल कर किसी तरह गब्बर सिंह को पकड़ भी लिया। आप चाहते हैं बीस हज़ार में हम उसे आपके हवाले कर दें और आप घर में बैठे पचास हज़ार कमायें...

ठाकुर बलदेव सिंह -पुलिस का इनाम भी तुम्हीं को मिलेगा। मुझे सिर्फ़ गब्बर चाहिये।

जय - कोई पुरानी दुश्मनी?

ठाकुर बलदेव सिंह - यह पूछना तुम्हारा काम नहीं है।

जय - तो कुछ और पूछें ठाकुर साहब? आपकी नज़रों में हम भी तो चोर बदमाश हैं। तो उस डाकू को पकड़ने के लिये आपने हम दोनों को क्यों चुना?

ठाकुर बलदेव सिंह इसलिये कि लोहा लोहे को काटता है। (अपने नौकर रामलाल से कहता है।) रामलाल। (रामलाल कुछ नोट मेज़ पर रख जाता है।) ये पाँच हज़ार हैं। दूसरे पाँच जब तुम रामगढ़ आओगे। बाक़ी के काम ख़त्म होने के बाद। (चलता है)

वीरू - पार्टनर।

जय - हम्म।

वीरू - क्या बोलता है? (जय सिक्का निकालता है।)

जय - Head, चलते हैं। Tail...

वीरू - No.

शुरू में = in the beginning (adv)
x की तलाश होना = the search of x to happen
सज़ा = punishment (f)
अगला = next (adj)
अट्ठारह = eighteen (adj)
बीड़ी = bidi (f)
पिलाना = to make someone drink (smoke) (vt)
थोड़ी दूरी पर = at a little distance (adv)
छोड़ना = to leave, depart (vt)
ख़तरा = danger (m)
शौक़ = hobby (m)
खेलना = to play (vt)
बहादुरी = courage (f)
घमंड = arrogance (m)
x की फ़िक्र करना = to worry about x
दृश्य = scene (m)
कोठरी = hut (f)
दिखाई देना = to be visible (vi)
मशहूर = famous (adj)
इनाम = prize (m)
पचास = fifty (adj)
ज़िंदा = alive (adj)
मुरदा = dead (adj)
बकरी = goat (f)
दौड़ना = to run (vi)
आसान = easy (adj)
जान = life (f)
किसी तरह = in some way (adv)
हवाले करना = to deposite (vt)
दुश्मनी = enmity (f)
… की नज़र में = in the view of…
चुनना = to choose (vt)
लोहा लोहे को काटना = It takes one to catch one.
बाक़ी = rest, remaining (adj)